Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department: Career Counseling and Placement Cell in collaboration Centum Learning, Bajaj Finserv

Certificate Distribution Ceremony of First Batch of Bajaj CPBFI

28.02.2024

श्री अरविंद महिला कॉलेज, पटना के कैरियर कॉउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल तथा सेंटम लर्निंग, बजाज फिनसर्व के संयुक्त तत्वावधान में Certificate Program in Banking, Finance and Insurance (CPBFI) के प्रथम बैच के समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें 47 सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में स्वागत भाषण देते हुए प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ विमी सिंह ने बताया कि सितंबर-अक्टुबर में आयोजित हुए एक माह के इस कोर्स में छात्राओं को बैंकिंग, फाइनेंस तथा इंस्युरेंस सेक्टर की बारीकियों के साथ साथ व्यक्तितव निर्माण, संवाद कौशल आदि की ट्रेनिंग दी गयी थी। इस कोर्स के लिए महाविद्यालय की 53 छात्राओं का चयन किया गया था। बजाज फिन्सर्व के राहुल बैशाक ने छात्राओं को इस कोर्स के करने के पश्चात मिलने वाले अवसरों को विस्तार से बताते हुए कहा कि इस महाविद्यालय की 18 छात्राओं को 3कंपनियों से जॉब ऑफर मिले हैं।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो ललन कुमार ने अध्यक्षीय संबोधन में प्रतिभागियों तथा प्रशिक्षकों के मनोबल को बढ़ाया। उन्होंने बताया कि इस महाविद्यालय में इस तरह का प्रोग्राम पहली बार आयोजित किया गया। उन्होंने छात्राओं को अनुशासन में रहकर प्रतिबद्धता के साथ जीवन में आगे बढ़ने की नसीहत दीं। उन्होंने बजाज फिन्सर्व की टीम तथा महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल को इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाता रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन आदित्य भारद्वाज द्वारा किया गया। इस समारोह में सभी प्रतिभागियों के साथ डॉ सपना बरुआ तथा गोपाल कुमार तथा अन्य शिक्षक उपस्थित रहें।

सर्टिफिकेट कोर्स का 47 को मिला प्रमाण पत्र

पटना। श्री अरविंद महिला कॉलेज की कॅरियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट इकाई, सेंटम लर्निंग व बजाज फिनसर्व की ओर से बैंकिंग, वित्त और बीमा में सर्टिफिकेट कोर्स के प्रथम बैच का समापन समारोह हुआ। इसमें कोर्स पूरा करने वाली 47 सफल अभ्यर्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्लेसमेंट इकाई की समन्वयक डॉ विमी सिंह ने बताया कि सितंबर –अक्टूबर में हुए एक माह के इस कोर्स में छात्राओं को जानकारी व व्यक्तित्व निर्माण, संवाद कौशल आदि का भी प्रशिक्षण दिया गया। 53 छात्राओं का चयन हुआ था। बजाज फिनसर्व के राहुल बैशाक ने इसके अवसरों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि18 छात्राओं को 3 कंपनियों से जॉब ऑफर मिले हैं। प्राचार्य प्रो. ललन कुमार मनोबल बढ़ाया।

दैनिक भास्कर पटना 29-02-2024

अरविंद महिला कॉलेज में 47 को मिला सर्टिफिकेट

सिटी रिपोर्टर | पटना

श्री अरविंद महिला कॉलेज के कॅरियर काउंसिलिंग और प्लेसमेंट सेल, सेंटम लर्निंग, बजाज फिनसर्व के संयुक्त सहयोग में चल रहे सर्टिफिकेट प्रोग्राम का समापन हो गया। बुधवार को इसके तहत 47 छात्राओं को बैंकिंग, फाइनांस, और इश्योरेंस में प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ. विमी सिंह ने बताया कि सितंबर-अक्टूबर में आयोजित हुए एक माह के इस कोर्स में छात्राओं को बैंकिंग, फाइनांस और इश्योरेंस सेक्टर की बारीकियों के साथ-साथ व्यक्तित्व निर्माण, संवाद कौशल आदि की ट्रेनिंग दी गईथी। इस कोर्स के लिए महाविद्यालय की 53 छात्राओं का चयन किया गया था।

श्रीअरविंद महिला कॉलेज की 18 छात्राओं को मिला जॉब ऑफर

पटना. श्रीअरविंद महिला कॉलेज के कैरियर काउंसिलंग और प्लेसमेंट सेल, सेंटम लिर्नंग, बजाज फिनसर्व के संयुक्त सहयोग में चल रहे सिर्टिफिकेट प्रोग्राम का बुधवार को समापन हो गया. इसके तहत 47 छात्राओं को बैंकिंग, फाइनेंस, और इंश्योरेंस में प्रमाण पत्र दिया गया. इस अवसर पर प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ विमी सिंह ने बताया कि सितंबर-अक्तूबर में आयोजित हुए एक माह के इस कोर्स में छात्राओं को बैंकिंग, फाइनेंस और इंश्योरेंस सेक्टर की बारीकियों के साथ-साथ व्यक्तित्व निर्माण, संवाद कौशल आिद की ट्रेनिंग दी गयी. इस कोर्स के लिए कॉलेज की 53 छात्राओं का चयन किया गया था. बजाज फिन्सर्व के राहुल बैशाक ने बताया कि इस कॉलेज की 18 छात्राओं को तीन कंपिनयों से जॉब ऑफर मिले हैं.

कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो ललन कुमार ने बताया कि कॉलेज में इस तरह का प्रोग्राम पहली बार आयोजित किया गया. उन्होंने छात्राओं को अनुशासन में रहकर प्रतिबद्धता के साथ जीवन में आगे बढ़ने की नसीहत दीं. कार्यक्रम का संचालन आिदत्य भारद्वाज ने किया.